कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांक:-04-04-2024

दिनांक 04-04-24 को श्री प्रमोद कुमार पुलिस उपायुक्त जोन-काशी, कमिश्नरेट-वाराणसी द्वारा थाना जैतपुरा क्षेत्रांतर्गत आगामी जुमे अलबिदा की नमाज, आगामी त्यौहार ईद को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु गोष्ठी आहूत की गयी। जिसमें सुश्री नीतू सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज तथा थानाध्यक्ष जैतपुरा एवं सर्किल चेतगंज क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकगण/विभिन्न समाज संगठन के पदाधिकारी, पार्षद/पूर्व पार्षद, पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे, बैठक के दौरान पुलिस उपायुक्त काशी जोन द्वारा निम्न निर्देश दिए गयेः-

1. पुलिस उपायुक्त काशी-जोन महोदय द्वारा काशी वासियों से यह अपील की गयी कि परंपरागत स्थलों पर व परंपरागत कार्यक्रम ही करें।
2. आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत महिलाओं के साथ छेड़खानी आदि की घटनाएं कारित न हो सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार का उत्सव मनाये जाने के दृष्टिगत बैठक में मौजूद समस्त समाज संगठन के पदाधिकारी व आयोकगणों से अपील की गयी।
3. कोई भी संदिग्ध वस्तु/सूचना मिलने पर तत्काल सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त व थानाध्यक्ष को करेंगें करायेंगे।
4. पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा अपील की गयी कि किसी भी सार्वजनिक स्थल (सड़क, मॉल आदि) पर नमाज ना पढ़े।
5. पुलिस उपायुक्त काशी-जोन महोदय द्वारा नागरिकों से अपील की गयी कि सोशल मीडिया/अन्य माध्यमों से नफरत व द्वेष फैलाने वाले अफवाहों से बचें तथा स्वयं भी सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रकार को कोई मैसेज न भेजे जिससे कानून व्यवस्था के प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होने पाये। सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।
6. सम्भ्रांत नागरिकगण/विभिन्न समाज संगठन के पदाधिकारी से यह अपील की गयी कि त्यौहारों को शांति पूर्वक मनाये जिससे किसी प्रकार से कानून व्यवस्था संबंधित समस्या उत्पन्न न हो।

सोशल मीडिया सेल
कार्यालय पुलिस उपायुक्त
जोन-काशी, कमिश्नरेट-वाराणसी